# इंडिया रैंकिंग- 2023 : शीर्ष विश्वविद्यालय रैंक में बीएचयू को मिला पाँचवा स्थान

## चर्चा में क्यों?

5 जून, 2023 को शिक्षा एवं विदेश राज्यमंत्री डॉ. राजकुमार रंजन सिंह ने इंडिया रैंकिंग 2023 जारी की, जिसमें शीर्ष विश्वविद्यालय रैंक में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) को पाँचवां स्थान जबकि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को नौवाँ स्थान मिला है।

## प्रमुख बिंदु

- इंडिया रैंकिंग 2023 में शीर्ष विश्वविद्यालय रैंकिंग में भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरू को पहला स्थान मिला है जबकि दिल्ली के जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय और जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय को क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान मिला है।
- वहीं इंडिया रैंकिंग 2023 में ओवरआल रैंकिंग में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास को पहला, भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरू को दूसरा और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली को तीसरा स्थान मिला है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर को पाँचवां और बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय को ग्यारहवाँ स्थान मिला है।
- शिक्षा एवं विदेश राज्यमंत्री डॉ. राजकुमार रंजन सिंह द्वारा जारी इंडिया रैंकिंग 2023 वर्ष 2015 में शिक्षा मंत्रालय द्वारा विभिन्न संस्थाओं की रैंकिंग संबंधी उद्देश्य के लिये तैयार किये गए राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) को लागू करती है।
- विदित है कि शिक्षा मंत्रालय ने 2015 में राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) का मसौदा तैयार करने का सराहनीय कदम उठाया था, जो विभिन्न श्रेणियों और विषय क्षेत्रों में देश के उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) की गुणवत्ता एवं उत्कृष्टता का आकलन करने के लिये बहु-आयामी मापदंडों को परिभाषित करता है और उन्हें इन मापदंडों पर हासिल कुल अंकों के आधार पर रैंक प्रदान करता है।
- शिक्षा एवं विदेश राज्यमंत्री डॉ. राजकुमार रंजन सिंह ने कहा कि इंडिया रैंकिंग देश के उच्च शिक्षण संस्थानों (एचईआई) के बीच विभिन्न श्रेणियों और विषयों के मामले में विभिन्न विश्वविद्यालयों की सापेक्ष स्थिति के आधार पर उनकी पहचान करने में छात्रों के लिये एक मूल्यवान उपकरण के तौर पर काम करती है।
- इस रैंकिंग ने विश्वविद्यालयों को शिक्षण, अनुसंधान, संसाधनों और बुनियादी ढाँचे से जुड़ी सुधार की जरूरत वाले क्षेत्रों की पहचान करने में भी मदद की है।
- यह देश के उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) की इंडिया रैंकिंग का लगातार आठवाँ संस्करण है। इंडिया रैंकिंग के 2023 संस्करण में शामिल किये गए तीन विशिष्ट पहलू इस प्रकार हैं:
  - कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र नाम के एक नए विषय का समावेश
  - दो अलग-अलग एजेंसियों को एक जैसे आँकड़े प्रदान करने के विभिन्न संस्थानों के बोझ को कम करने के उद्देश्य से इंडिया रैंकिंग में अटल रैंकिंग ऑफ इंस्टीच्यूशंस ऑन इनोवेशन अचीवमेंट्स (एआरआईआईए) द्वारा पूर्व में निष्पादित 'इनोवेशन' रैंकिंग का एकीकरण।
  - अरबन और टाउन प्लानिंग में पाठ्यक्रम प्रदान करने वाले संस्थानों को शामिल करने हेतु 'वास्तुकला' के दायरे का 'वास्तुकला एवं नियोजन' तक विस्तार।
- नई श्रेणी (नवाचार) एवं नए विषय (कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र) और 'वास्तुकला' से 'वास्तुकला एवं नियोजन' के विस्तार के साथ, इंडिया रैंकिंग का मौजूदा पोर्टफोलियो उन 13 श्रेणियों एवं विषयों तक बढ़ गया है जिन्हें इंडिया रैंकिंग 2023 में रैंक प्रदान किया गया है।
- इंडिया रैंकिंग 2016 के प्रथम वर्ष के दौरान, विश्वविद्यालयों के साथ-साथ तीन क्षेत्र-विशिष्ट रैंकिंग यानी इंजीनियरिंग, प्रबंधन और फार्मेसी संस्थानों के लिये रैंकिंग की घोषणा की गई थी। आठ वर्षों की अवधि में, चार नई श्रेणियाँ और पाँच नए विषय जोड़े गए हैं, जो संपूर्ण सूची को पाँच श्रेणियों यानी समग्र, विश्वविद्यालय, कॉलेज, अनुसंधान संस्थान एवं नवाचार तथा आठ विषयों यानी इंजीनियरिंग, प्रबंधन, फार्मेसी, वास्तुकला एवं नियोजन, चिकित्सा, विधि, दंत चिकित्सा और कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में वर्गीकृत करते हैं।
- शिक्षा मंत्रालय द्वारा नवंबर 2015 में शुरू की गई राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) का उपयोग इस संस्करण के साथ-साथ वर्ष 2016 से लेकर 2023 तक के लिये जारी इंडिया रैंकिंग के पिछले सात संस्करणों के लिये किया गया था। एनआईआरएफ में मापदंडों की पाँच व्यापक श्रेणियाँ चिन्हित की गई हैं।
- इंडिया रैंकिंग 2023 की मुख्य विशेषताएँ-
  - भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास ने समग्र श्रेणी में लगातार पाँचवें वर्ष यानी 2019 से लेकर 2023 तक और इंजीनियरिंग श्रेणी में लगातार आठवें वर्ष, यानी 2016 से लेकर 2023 तक अपना पहला स्थान बनाए रखा है।
  - समग्र श्रेणी में शीर्ष 100 में 44 सीएफटीआई/सीएफयू आईएनआई, 24 राज्य विश्वविद्यालय, 13 मानद विश्वविद्यालय, 18 निजी विश्वविद्यालय, 4 कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र के संस्थान और 3 प्रबंधन संस्थान शामिल हैं।
  - भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलुरु लगातार आठवें वर्ष यानी 2016 से लेकर 2023 तक विश्वविद्यालयों की श्रेणी में शीर्ष पर रहा। यह लगातार तीसरे वर्ष यानी 2021 से लेकर 2023 तक अनुसंधान संस्थानों की श्रेणी में पहले स्थान पर रहा।

- आईआईएम अहमदाबाद लगातार चौथे वर्ष यानी 2020 से लेकर 2023 तक प्रबंधन विषय में अपना पहला स्थान बनाए हुए है। इंडिया रैंकिंग के प्रबंधन विषय में इसे 2016 से लेकर 2019 तक शीर्ष दो में स्थान दिया गया था।
- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली लगातार छठे वर्ष यानी 2018 से लेकर 2023 तक चिकित्सा में शीर्ष स्थान पर है।
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, हैदराबाद पहली बार जामिया हमदर्द को दूसरे स्थान पर धकेलते हुए फार्मेसी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर आया है। जामिया हमदर्द को लगातार चार वर्षों यानी 2019 से लेकर 2022 तक पहले स्थान पर रखा गया था।
- मिरांडा हाउस ने लगातार सातवें वर्ष यानी 2017 से लेकर 2023 तक कॉलेजों की श्रेणी में पहला स्थान बनाए रखा है।
- आईआईटी रुड़की लगातार तीसरे वर्ष यानी 2021 से लेकर 2023 तक वास्तुकला (आर्किटेक्चर) विषय में पहले स्थान पर है।
- नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बंगलुरु ने लगातार छठे वर्ष यानी 2018 से लेकर 2023 तक विधि श्रेणी में अपना पहला स्थान बनाए रखा है।
- कॉलेजों की रैंकिंग में पहले 10 कॉलेजों में से दिल्ली के पाँच कॉलेजों ने अपना दबदबा बनाए रखा है।
- द सविता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंसेज ने लगातार दूसरे वर्ष शीर्ष स्थान हासिल किया है।
- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र की श्रेणी में शीर्ष स्थान पर है।
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर नवाचार श्रेणी में शीर्ष स्थान पर है।




PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-rankings-2023-bhu-ranks-5th-in-top-university-rank